# HINDI

## Paper 2

(*Two Hours*)

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately.***

*You will NOT be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

*Answer **five** questions from **three** books only.*

*You must answer at least **one** question from each of the **three** books you have chosen.*

किन्हीं **तीन** पुस्तकों में से केवल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

चुनी हुई **तीन** पुस्तकों में से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है ।

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

## कथा-कुंज

**Question 1**

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :

मनोहर उधर अपने पानी से हिल-मिलकर खेल रहा था । उसे क्या मालूम कि यहाँ अकारण ही उस पर रोष और अनुग्रह किया जा रहा है ।

**(i)** मनोहर कौन है ? वह कहाँ, किस समय, किस प्रकार खेल रहा था ? [4]

**(ii)** इस समय मनोहर के विषय में कौन क्या विचार कर रहा था ? [4]

**(iii)** वह मनोहर को कौनसी विशेष वस्तु दिखलाना चाहती थी ? उसमें क्या विशेषता थी ? [4]

**(iv)** प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं ? इसके लेखक कौन हैं तथा इस कहानी के माध्यम से वे क्या स्पष्ट करना चाहते हैं ? [4]

**This paper consists of 6 printed pages.**



© *Copyright Reserved*

## Question 2

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :

इस तरह घीसा वहीं और उन कठोर परिस्थितियों में ही रहा, जहाँ क्रूरतम नियति ने केवल अपने मनोविनोद के लिए उसे रख दिया था ।

**(i)** लेखिका को घीसा सबसे पहले किस समय मिला ? उस समय उसकी दशा कैसी थी ? [4]

**(ii)** लेखिका घीसा के लिए क्या करना चाहती थीं ? वह उस प्रकार से क्यों न कर सकीं ? [4]

**(iii)** नियति का मनोविनोद किसे और क्यों कहा गया है ? [4]

**(iv)** घीसा की किन विशेषताओं ने लेखिका को प्रभावित किया था ? [4]

## Question 3

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :

अधपके बालों को पहले वे रँगा करते थे । अब बेपरवाही की बजह से सारे बाल सफेद हो गए हैं । मक्खन-सी मुलायम चमड़ी अब रूखी हो गई है । पैंट कमीज़ ढीले होकर हाथी के कानों की तरह झूलने लगे हैं । एकाएक बुढ़ापे के लिए वे तो तैयार नहीं थे ।

**(i)** इन पंक्तियों में किस व्यक्ति के बारे में कहा गया है ? [4]

**(ii)** उनकी अब ऐसी दशा क्यों है ? यह मानसिक दशा कैसे ठीक हुई ? [4]

**(iii)** उन्होंने कब कौन-कौनसे महत्त्वपूर्ण कार्य किए थे ? [4]

**(iv)** इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है ? [4]

# गद्याञ्जलि

## Question 4

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow:—

इस सड़क से नदी तक तो पहुँच गए—वह भी बड़ी मुश्किल से, क्योंकि रास्ते में बड़ी फिसलन थी और गाड़ी बार-बार अटक जाती थी ।

**(i)** यह कौनसी सड़क है ? इससे लेखक कहाँ लौटना चाहता था और क्यों ? [4]

**(ii)** इस नदी में लेखक ने क्या-क्या देखा और उससे क्या अनुमान लगाया ? [4]

**(iii)** नदी पार करते समय क्या समस्या उत्पन्न हुई ? [4]

**(iv)** नदी पार करके लेखक कहाँ पहुँचे ? वहाँ उन्हें किनसे क्या मालूम हुआ ? [4]

**Question 5**

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :

उसके बिना बताए इस तरह छूमंतर हो जाने से मेरे हैरत, अचरज, ताज्जुब, आश्चर्य का पारावार न रहा ।

**(i)** 'छूमंतर' शब्द का अर्थ बताइए । लेखक के आश्चर्य का क्या कारण था ? [4]

**(ii)** उसे कहाँ-कहाँ खोजा गया ? वहाँ लेखक को क्या-क्या मिला ? [4]

**(iii)** इस समय लेखक से किसे सहानुभूति हुई ? उसने लेखक की सहायता किस प्रकार की ? [4]

**(iv)** यदि लेखक के स्थान पर आप होते तो इस परिस्थिति में क्या करते एवं क्यों ? [4]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

ऐसी वृत्ति ही बन गई है । याने उन्हें तो काम से नफ़रत है ही, मज़दूर को भी काम से नफ़रत है । वह मज़दूरी तो करता है पर उसमें उसे गौरव नहीं लगता ।

**(i)** 'ऐसी वृत्ति' कहने का क्या अर्थ है ? समझाइए । [4]

**(ii)** मज़दूर मज़दूरी से घृणा क्यों करता है ? [4]

**(iii)** आज देहाती लोग अपने बच्चों को किसलिए पढ़ाना चाहते हैं ? [4]

**(iv)** सच्चा कर्मयोगी किसे कहते हैं ? श्रम की प्रतिष्ठा के लिए क्या किया जाना चाहिए ? [4]

## नया रास्ता

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :

अमित व उसके माता-पिता ने आशा से प्रश्न किए । आशा हँस-हँसकर सबका उत्तर देती रही ।

**(i)** अमित ने इससे पूर्व किससे क्या-क्या प्रश्न किए थे ? [4]

**(ii)** आशा कौन है ? उसका हँसना किसे और क्यों अच्छा नहीं लग रहा था ? [4]

**(iii)** अमित किस प्रकार की लड़की से विवाह करना चाहता था ? उसे प्रसन्नता का अनुभव कब हुआ ? [4]

**(iv)** भारतीय समाज में लड़की के लिए 'परीक्षा का समय' कौनसा माना जाता है ? मीनू के मन में इस समय क्या भाव थे ? [4]

**Question 8**

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :

यात्रा की थकान उसके चेहरे पर स्पष्ट दिखाई दे रही थी । उसने अपना सामान उठाया और अपने कमरे में चली गई । सामान कमरे में रखकर वह पलंग पर लेट गई ।

**(i)** कौन, कहाँ की यात्रा से लौटा था ? इस यात्रा का उद्देश्य क्या था ? [4]

**(ii)** उसे देखकर किसने क्या प्रस्ताव रखा एवं क्यों ? [4]

**(iii)** इस अवसर पर वह अतीत की किन स्मृतियों में खो गई ? संक्षेप में उत्तर दीजिए । [4]

**(iv)** 'एक असफलता व्यक्ति के लिए सफलता का दूसरा दरवाज़ा खोल देती है ।' उपन्यास के आधार पर इस कथन पर अपने विचार एक अनुच्छेद में लिखिए । [4]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :

वे दोनों चिन्तित स्वर में अपने-अपने विचार व्यक्त कर रहे थे कि इतने में दरवाजे पर किसी ने घंटी बजाई ।

**(i)** वे दोनों कौन हैं ? उन्हें क्या चिन्ता थी ? [4]

**(ii)** दरवाज़ा किसने खोला ? आगन्तुक को देखकर उन्हें कैसा अनुभव हुआ और क्यों ? [4]

**(iii)** किसने अपने किस अपराध की क्षमा माँगी और अमित के विषय में क्या बताया ? [4]

**(iv)** इस उपन्यास के लेखक कौन हैं तथा उपन्यास का उद्देश्य क्या है ? [4]

## एकांकी संचय

**Question 10**

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :

सुयोधन ! क्या अब भी तुम्हारी छाती ठंडी नहीं हुई ? क्या मुझे मारकर भी तुम्हें संतोष नहीं हुआ, जो मेरी अंतिम घड़ी में मेरे मुँह पर मेरे नाम की खिल्ली उड़ा रहे हो ? निर्दयी ! क्या ईर्ष्या में अपनी मानवता भी भस्म कर दी ?

**(i)** प्रस्तुत वाक्य किसने, किससे कहा ? वक्ता का परिचय दीजिए । [4]

**(ii)** 'खिल्ली उड़ाने का अर्थ क्या है ?' श्रोता ने वक्ता की किस प्रकार खिल्ली उड़ाई ? [4]

**(iii)** वक्ता श्रोता के किन पापों के लिए उसे पश्चात्ताप करने को कहता है ? 'पाप' शब्द से आप क्या समझते हैं ? [4]

**(iv)** यह वार्तालाप किस स्थान पर हो रहा था ? आप महाभारत के युद्ध के लिए किसे दोषी मानते हैं ? [4]

**Question 11**

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :

गाजी तैमूर से यह नाचीज सवाल करता है कि तुम कौन हो ? कमबख्त ! अगर बात करने की तमीज नहीं हो तो खामोश रह ।

**(i)** गाजी तैमूर कौन था ? [4]

**(ii)** 'नाचीज' का क्या अर्थ है ? ऐसा किसे और क्यों कहा गया है ? [4]

**(iii)** गाजी तैमूर ने बलकरन की वीरता का किस प्रकार सम्मान किया ? [4]

**(iv)** प्रस्तुत एकांकी को पढ़कर आपको क्या प्रेरणा मिली ? [4]

**Question 12**

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :

बहन, मैं मानती हूँ माँ-बेटे के सम्बन्ध से बढ़कर और कोई सम्बन्ध नहीं है, परन्तु साथ ही पति से बढ़कर पत्नी के लिए और कुछ नहीं है ।

**(i)** यहाँ किसके हृदय की किन भावनाओं के विषय में कहा गया है ? [4]

**(ii)** उमा को कौनसी बात बुरी लगी एवं क्यों ? उसने उत्तर में क्या कहा ? [4]

**(iii)** उमा का चरित्र-चित्रण कीजिए । [4]

**(iv)** संस्कारों की दासता को मानव का सबसे भयंकर शत्रु क्यों बताया गया है ? [4]

## काव्य कल्प

**Question 13**

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :

यवन को दिया दया का दान, चीन को मिली धर्म की दृष्टि ।
मिला था स्वर्ण-भूमि को रत्न, शील की सिंहल को भी सृष्टि ।
किसी का हमने छीना नहीं, प्रकृति का रहा पालना यहीं ।
हमारी जन्म-भूमि थी यहीं, कहीं से हम आये थे नहीं ।।

**(i)** 'यवन' को किसने क्या दिया था और क्यों ? [4]

**(ii)** 'सिंहल' तथा 'स्वर्ण-भूमि' का क्या अर्थ है ? 'चीन को मिली धर्म की दृष्टि'— का भाव स्पष्ट कीजिए । [4]

**(iii)** प्रकृति का पालना किसे कहा गया है और क्यों ? [4]

**(iv)** प्रस्तुत कविता कहाँ से ली गयी है ? इसके कवि कौन हैं, तथा कवि ने जन्मभूमि किसे कहा है ? [4]

### Question 14

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :

करके तरु-मूलों का सिंचन,
लघु जल-धारों से आलिंगन,
जल-कुंडों में करके नर्तन,
करके अपना बहु परिवर्तन ।
आगे बढ़ता जाता केवल ।
यह लघु सरिता का बहता जल ।

**(i)** सरिता का जल किनका सिंचन करता है, तथा किसका, किस प्रकार आलिंगन करता है ? [4]

**(ii)** सरिता का जल अपना बहु परिवर्तन क्यों और किस प्रकार करता है ? [4]

**(iii)** अर्थ लिखिए :- [4]

तरु, मूलों, आलिंगन, लघु ।

**(iv)** सरिता का जल मानव पर क्या-क्या उपकार करता है ? [4]

### Question 15

Read the extract given below and answer in **Hindi** questions **(i)** to **(iv)** that follow :

हम दीवानों की क्या हस्ती,
हैं आज यहाँ, कल वहाँ चले ।
मस्ती का आलम साथ चला,
हम धूल उड़ाते जहाँ चले ।
आये बनकर उल्लास अभी,
आँसू बनकर बह चले अभी ।
सब कहते ही रह गए, अरे !
तुम कैसे आए, कहाँ चले ?

**(i)** प्रस्तुत कविता में 'दीवाना' शब्द का क्या अर्थ है ? कवि ने दीवानों की क्या-क्या विशेषताएं बताई हैं ? [4]

**(ii)** 'मस्ती का आलम साथ चला, हम धूल उड़ाते जहाँ चले ।'—प्रस्तुत पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए । [4]

**(iii)** उल्लास बनकर आने का और आँसू बनकर बहने का क्या भाव है ? [4]

**(iv)** प्रस्तुत कविता के कवि कौन हैं ? इस कविता में उनका जीवन के प्रति क्या दृष्टिकोण झलकता है ? [4]